छात्राओं ने प्लांट का भ्रमण किया

कवाई @ पत्रिका . अदाणी फाउण्डेशन द्वारा उड़ान कार्यक्रम के अन्तर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अटरू की छात्राओं को पावर प्लांट का भ्रमण करवाया गया। इस अवसर पर प्रोजेक्ट के अलग-अलग विभागों के अधिकारियों ने पावर प्लांट से सम्बन्धित जानकारियां बच्चों को देकर बिजली उत्पादन के बारे विस्तार से बताया। इस अवसर पर अदाणी फाउण्डेशन के गोपाल सिंह देवड़ा सहित 75 छात्राएं, प्रधानाध्यापिका व पावर प्लांट के अनेक अधिकारी उपस्थित थे।

अडानी प्लांट का बालिकाओं को कराया भ्रमण



कवाई. क्षेत्र में स्थित अडानी पावर प्लांट का भ्रमण करने पहुंची उच्च माध्यमिक बालिका स्कूल अटरू की छात्राएं।

कवाई| अडानी फाउंडेशन की ओर से बुधवार को उड़ान कार्यक्रम के तहत राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक स्कूल अटरू की छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया।

भ्रमण का उद्देश्य अडानी समूह के चैयरमेन गौतम अडानी की सोच बड़ा सोचेंगे, बड़ा देखेंगे तो बड़ा कर पाएंगे के तहत क्षेत्र के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण करवाया जाना है। गौतम शाह ने कहा कि जीवन में शिक्षा एवं अनुशासन का बहुत महत्व है। सुरक्षा विभाग के अशोक सोलहिया ने बच्चों को प्लांट के सुरक्षा संबंधी जानकारी दी। सेफ्टी विभाग के विपुल शुक्ला ने प्लांट के सुरक्षा उपकरणों एवं नियमों के बारे में बताया। शैलेंद्र नोटियाल ने उड़ान कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्या हरिश कुमारी ने बताया कि उड़ान कार्यक्रम के माध्यम से विद्यालय की बालिकाओं को बहुत सकारात्मक प्रेरणा मिली है। इस कार्यक्रम के बाद बालिकाएं अपना एक लक्ष्य बनाएं एवं उसको प्राप्त करने के लिए शत प्रतिशत मेहनत करें। को-ऑर्डिनेटर गोपाल सिंह देवड़ा ने सभी का स्वागत कर प्लांट की शुरुआत से लेकर अभी-तक के कार्यों की वीडियो तथा प्लांट निर्माण से संबंधित अनुभवों एवं जानकारियों को साझा किया। संदीप मेघवाल ने प्लांट का मॉडल दिखाकर तकनीकी जानकारी दी। इस अवसर पर अडानी फाउंडेशन के अधिकारी दीपक आचार्य, राजेश दाधीच, जयदीप चारण, दीपक मालवीय, पुष्कर सुथार, अभिषेक सुखवाल, सतीश भुसाले एवं पूनम लोधी आदि मौजूद थे।